## एक नजर में

### सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में तिथि भोज का आयोजन



**महेश्वर निप्र।** पीएम श्री कन्या उ.मा.वि. महेश्वर में शनिवार को शाला के प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद ताहिर अली द्वारा अपनी सेवा निवृत्ति के उपलक्ष्य में शाला की कक्षा 1 से 12 तक की समस्त छात्राओं हेतु तिथि भोज का आयोजन करवाया गया । तिथि भोज में बच्चियों को दाल, बाटी, चावल, लड्डू वितरित किये गये । उपवास वाली बच्चियों को साबूदाने की खिचड़ी, फलाहार इत्यादि वितरित किया गया । शाला के कुल 799 बच्चों में से उपस्थित 791 बच्चों तथा समस्त शालेय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों इस प्रकार लगभग 1000 व्यक्तियों ने प्रफुल्लित होकर तिथि भोजन ग्रहण किया । इस अवसर पर प्राचार्य बृजकांत शुक्ला द्वारा आयोजनकर्ता मोहम्मद ताहिर अली को बधाई प्रेषित करते हुए इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा उनके सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की । तिथि भोज में वरिष्ठ व्याख्याता प्रवीण भावसार, श्रीमती संध्या चौहान, श्रीमती अर्चना तारे, श्रीमती मंजूसिंह सागर, श्रीमती चंचला सोनी, श्रीमती मंजूषा कुलश्रेष्ठ, बाबूलाल साहू, इसरार शेख, जनशिक्षक तबरेज खैशगी, नरेन्द्र राठौड़ महेश्वर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । शालेय स्टाफ और शाला के बच्चों द्वारा 30 सितंबर को सेवानिवृत हो रहे प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद ताहिर अली को भाव-भीनी विदाई दी तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की । बीआरसी ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा तिथि भोज की सराहना की तथा समस्त शाला प्रमुखों को भी प्रतिमाह शिक्षकों एवं जनसहयोग से तिथि भोज आयोजित करने हेतु निर्देशित किया ताकि अधिक से अधिक बच्चे शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना तिथि भोज से लाभान्वित हो सके ।

### अनाज व कपास नीलामी कार्य बंद रहेगा 29 को

**भीकनगांव, निप्र।** कृषि उपज मंडी समिति भीकनगांव के सचिव ने एक जानकारी में बताया कि मौसम की खराबी को देखते हुए 28 सितंबर रविवार एवं 29 सितंबर सोमवार को मंडी में अनाज एवं कपास नीलामी कार्य बंद रहेगा इसी प्रकार 1 अक्टूबर बुधवार से 3 अक्टूबर शुक्रवार तक नवमी दशहरा एवं बासी दशहरा होने से कपास एवं अनाज नीलामी कार्य बंद रहेगा अत: किसान बंधु अवकाश के दिन अपनी उपज मंडी प्रांगण में ना लावे ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन




**कसरावद।** बालाजी ग्रुप के द्वारा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश की आई कवियत्रि प्रति पांडे ने सरस्वती वंदना की, हास्य गीत डुग्गू के पापा पढ़ा,और बेटियों के लिए रचना पड़ी ,कार्यक्रम की शुरुआत में झालावाड़ के राजेश लोटपोट ने हास्य व्यंग से खूब गुदगुदाया,पति पत्नी की नोंकझोंक पर हास्य प्रस्तुत किया,संचालक शशिकांत यादव देवास ने लोगों को हास्य से लोटपोट कर दिया,प्यारा हिंदुस्तान ये जग से न्यारा हिंदुस्तान पड़ी,अबकी हमने ठान लिया है पहले गर्दन काटेंगे, पाकिस्तान पर कविता पड़ी,भोपाल से आए लक्ष्मण नेपाली ने अपने काले रंग को लेकर गुदगुदाया और मां पर कविता पड़ी कि मुझे मेरे मां की पैरों की चप्पल बना देना पड़ी और तालिया बटोरी,सुनील समैया हास्य कवि बीना ने खूब हंसाया कहा कि मां बाप से बड़ी नहीं दौलत है दोस्तों ,समझे नहीं तो समझ लो मोहलत है दोस्तों , जिस दिन ना रहे दुनिया में समझोगे मौल को , मां बाप के ही चरणों में जन्नत है दोस्तों की प्रेरणा दी,इंदौर से आए श्याम सुंदर पलोड जी ने मस्ती और आनंद से जीने की बात कही,और ममतामई है मां तू मां है कितनी महान कविता पर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया,वहीं कार्यक्रम के सूत्रधार कसरावद के युवा ओजस्वी कवि गौतम रावल ने लव जिहाद पर कविता पढ़ी गौतम ने कहा चूल्हा चौका तो फिर सिख लेगी कभी,बेटियों को बचपन से ही शस्त्रधारी बनाए और योजनाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि घृणा से लड़ती रही वो शाम उसको जच नपाई,योजनाएं रह गई पर लाडली तो बच न पाई,अंत में सियाराम बाबा पर कविता पढ़ने पर सदन में जय जय सियाराम के नारे लगे, कार्यक्रम का आभार ऋतिक पाटीदार , सिद्धार्थ जितेंद्र पाटीदार ने किया,

### रात्रि में पहुंचे जिले के अधिकारी दुर्गा पांडालों का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था को देखा

**गोगावा, निप्र।** जिले में त्योहारों को देखते हुए जिला कलेक्टर भाव्या मित्तल ने निधेषज्ञा लागू कर रखी है उसी को देखते हुए अपर कलेक्टर रेखा राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिट्टू सहगल, एस डी एम विनय कटारे, भीकनगांव एसडीओपी राकेश आर्य ने शुक्रवार रात्रि को गोगावा पहुंचकर नगर में मना रहे नवरात्रि पर्व के गरबा पांडालों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और लोगो से चर्चा की वही आगामी निकलने वाले राष्टीय स्वयसंघ के पथ संचलन , दुर्गा वाहिनी पथ संचलन, चुनरी यात्रा,रावण दहन को लेकर भी अधिकारियों में मंत्रना हुई ।उधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर में पुलिस बल तैनात किया गया है । अधिकारियों ने नगर में स्वच्छता बनी रहे इसको लेकर भी ग्राम पंचायत को निर्देश दिए की दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर डस्टबीन रखे जिसमे कचरा संग्रहित किया जा सके दुकान से निकलने वाले कचरे को खुले में न फेके वही समय समय पर स्वच्छताकर, भवनकर जलकर एवम अन्य करो का भी समय से भुगतान ग्राम पंचायत को जमा कर अच्छे नागरिक बनने का गौरव प्राप्त करे । इस भ्रमण में तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ,मुख्यकार्यपालन अधिकारी शिवानी वर्मा, पटवारी दिलेंद्र सांवले, ग्राम पंचायत सचिव हेमंत तवंर, आशीष सांवले आदि कर्मचारी मौजूद थे।

### विधायक बिरला ने पंडाल में पूजा अर्चना की




**सनावद।** संस्था नव सृजन द्वारा आयोजित माता रानी के नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन पहली बार किया गया, जो एक शानदार पहल है। इस उत्सव में क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जी और विधायक सचिन बिरला जी ने पंडाल में माता की पूजा-अर्चना की और गरबा कर रही माता-बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए समिति के संयोजक प्रभात उपाध्याय, गजेंद्र उपाध्याय, राजेश पाल और अन्य सदस्यों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन माताओं और बहनों के लिए एक प्रेरणादायक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने वाला कदम है।

# ज्योति नगर के माता पंडाल ने श्रीकृष्ण लीलाओं का साक्षी बने देवी भक्त

## नन्ही बालिकाओं ने देवी के 9 स्वरूपों में दिए दर्शन ओर महिलाओं की गरबा प्रस्तुति ने मोहा मन

नवभारत न्यूज

**खरगोन। ज्योति नगर में चल रहे नवरात्र में बीती रात राष्ट्रीय नृत्य कलाकार संजय महाजन बड़वाह और उनकी 40 सदस्यीय टीम के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी मंचन किया।**



उत्सव समिति की नन्हीं कन्याएं माता के नौ स्वरूपों में जब मंच पर पहुंची तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मानो माता बाल स्वरूप में भक्तो को दर्शन देने पहुंची थी। बालिकाओं ने माता के स्वरूपों का जीवंत मंचन किया तो परिसर जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद महिला मंडल ने आयो रे आयो रे असवार.. गरबा गीत पर मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शको ने तालियां बजाकर सराहा।

समिति अध्यक्ष नीतिन मालवीय ने बताया नवरात्र उत्सव में रंगारंग गरबा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जा रही है। रोजाना अलग . अलग थीम पर आधारित प्रस्तुतियो को काफी सराहा जा रहा है। बीती रात श्रीकृष्ण की लीला मंचन के दौरान दर्शको से खचाखच भरे परिसर में मौजूद लोग इस कदर भाव विभोर हो उठे की अपनी जगह से हिले तक नहीं। दर्शक इस कदर उत्साहित हो उठे की माता के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते रहे। कलाकारों ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी, राधा संग प्रेम, मैया यशोदा से ठिठोली, ग्वाल बाल संग खेल, काल्या मर्दन, चक्र सुदर्शन, गोवर्धन पर्वत, रासलीला आदि का मंचन कलाकारों ने इतनी सुंदरता से किया की पहले भी लीलाओं को देखने के बाद भी यह प्रस्तुतियां मानो पहली बार देखने का एहसास हुआ। राधा.कृष्ण के साथ उनकी गोपियों का नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। इसे लोगों ने खूब सराहा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

प्रचार-प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया माता के दिव्य दरबार में कालोनी की बालिकाओं ओर महिलाओं द्वारा दी जा रही एक से बढ़कर प्रस्तुतियां नवरात्र में समूचे शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच भी आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां संध्या आरती विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री वासुदेव पंड्या एवं विहिप संगठनए भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, रेवा संगठन की अध्यक्ष शुभा खोड़े सहित गणमान्य नागरिकों ने की। महाआरती के बाद आमंत्रित अतिथियों ने गरबा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी दर्शको के साथ बैठकर निहारा।

# बारिश और गड्ढों ने बढ़ाई मुश्किलें, जनता परेशान

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** सनावद से इंदौर के बीच इंदौर-इच्छापुर हाइवे की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बारिश के कारण सड़कों में गड्ढे और जलभराव ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर सनावद से बड़वाह (12 किमी) का रास्ता सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहाँ जाम की समस्या आम हो गई है। इस छोटी सी दूरी को तय करने में आधे से एक घंटे का समय लग रहा है। सड़कों की हालत ऐसी है कि गड्ढे सड़क से ज्यादा नजर आते हैं। बड़वाह से उमरिया चौकी तक का रास्ता कुछ हद तक ठीक है, लेकिन बलवाड़ा और चोरल तक फिर वही जर्जर स्थिति है।

सनावद-इंदौर हाइवे की बदहाल स्थिति



### निर्माण कार्य की धीमी गति, जनता में आक्रोश

इंदौर-खंडवा-एदलाबाद हाइवे (216 किमी) का निर्माण अगस्त 2022 में शुरू हुआ था, जिसकी लागत 900 करोड़ रुपये है। इसे जनवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन धीमी प्रगति के कारण अब फरवरी 2026 की नई समयसीमा तय की गई है। बड़वाह से धनगढ़ खंड में 45त्र काम बाकी है, और भेरूघाट, बाईग्राम, और चोरल में बन रही तीन सुरंगों का 45त्र निर्माण ही पूरा हुआ है। जमीन अधिग्रहण और ब्लास्टिंग की समस्याओं ने कार्य में देरी की है। स्थानीय लोग सड़कों की मरम्मत और हाइवे निर्माण में तेजी की मांग कर रहे हैं। सनावद से बासवा तक की जर्जर सड़क को लेकर आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है।

### जाम और खराब सड़कों का असर

खराब सड़कों के कारण मेडिकल सुविधाएँ, शिक्षा, और व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। सनावद से इंदौर की यात्रा, जो सामान्यत: डेढ़ घंटे में पूरी होनी चाहिए, अब 3-4 घंटे ले रही है। बड़वाह में जलभराव ने सड़क को तालाब में बदल दिया है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

### आने वाली राहत की उम्मीद

हाइवे के पूरा होने पर बलवाड़ा और धनगांव में टोल प्लाजा शुरू होंगे, और सुरंगों के निर्माण से यात्रा सुगम और सुरक्षित होगी। यदि कार्य समय पर पूरा हुआ, तो सनावद से इंदौर की दूरी डेढ़ घंटे में तय हो सकेगी। लेकिन तब तक, जनता को गड्ढों, जाम, और देरी से जूझना पड़ रहा है।

### जनता की पुकार : सड़कें ठीक करो, राहत दो!

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि मेडिकल, शिक्षा, और व्यापारिक समस्याओं का समाधान हो सके। क्या प्रशासन और एनएचएआई जनता की इस पुकार को सुनेगा, या यह इंतजार और लंबा होगा?

### एनएचएआई और प्रशासन पर दबाव

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निर्माण एजेंसी मेघा इंजीनियरिंग को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मोरटक्का ब्रिज और सुंदरीकरण का काम अगस्त 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है, लेकिन प्रगति धीमी होने से जनता का धैर्य जवाब दे रहा है। स्थानीय लोग माँग कर रहे हैं कि सड़कों की तत्काल मरम्मत और जाम से राहत के लिए वैकल्पिक उपाय किए जाएँ।




### शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन

नवभारत न्यूज

**महेश्वर निप्र।** महेश्वर मे शिक्षक सम्मान समारोह 2025 एवं स्मार्ट टी.वी. वितरण कार्यक्रम का आयोज दिनांक 26 सितंबर 25, शुक्रवार को महेश्वर के कन्या शिक्षा परिसर में (निमाड़ स्पाईस के पीछे) 11 बजे आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित जिले के साहित्यकार जगदीश जोशिलाजी एवं विभागीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति मे शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षको के साथ-साथ नीट, आईआईटी प्रतियोगी परीक्षाओं मे चयनित छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया । साथ ही शालाओं को स्मार्ट एजुकेशन के लिए स्मार्ट टीवी , शैक्षणिक सामग्री, फर्नीचर वितरण किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निमाड़ी कवि जोशीलाजी ने सतत् 100 ग्रुप महेश्वर की इस इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक अपने शैक्षणिक कार्यों का निर्वहन कर एक अनुकरणीय कार्य कर रहे है । कार्यक्रम मे बीईओ डॉ. बसंत कुमार वर्मा, बीआरसी ओमप्रकाश गुप्ता, प्राचार्य अजय कुमार घुले, अविनाश उपाध्याय, एम. एल. बामनिया , प्रियंका चौहान साहित्य अकादमी से सम्मानित विजय जोशी, ललित भालसे, महेन्द्र जमरे, संतोष गायकवाड़ आदि उपस्थित थे ।



### स्वस्थ्य नारी सशक्त कार्यक्रम का आयोजन

**महेश्वर निप्र।** माँ आशापुरी धाम पर महिला बाल विकास सेक्टर आशापुर द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त नारी कार्यक्रम रखा गया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सेक्टर आशापुर में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला प्रशासन जिला कार्यक्रम परियोजना अधिकारी एस के शिंदे सर के मार्गदर्शन के अंतर्गत सेक्टर पर्यवेक्षक कविता बघेल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सह राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा व महिला जागरूकता अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें रोशन डांस एकेडमी के डायरेक्टर द्वारा यूंबा गतिविधि कराई गई जिसमें मोटापे पर कंट्रोल का स्वस्थ शरीर वह निरोगी काया बने ऐसी गतिविधियां की गई। माँ आशापुरी धाम पर उपस्थिति महिलाओं ने गतिविधि में रस्सी कूद चेयर रेस , नींबू रेस दौड़ आदि कार्यक्रमों में हिस्सा लिया गया। उक्त कार्यक्रम माँ आशापुरी धाम समिति के जन सहयोग से पूर्ण किया गया।

### बंपर आवक के बीच गिरे कपास के दाम, हंगामें से रुकी खरीदी

**खरगोन।** शहर की आनंद नगर स्थित कपास मंडी में शनिवार को सीजन की पहली बंपर आवक हुई। बढ़ी आवक के बीच दाम गिरने से हंगामें की स्थिति भी बनी। किसानों के आक्रोश के चलते करीब दो घंटे निलामी रुकी रही। एसडीएम वीरेंद्र कटारे के हस्तक्षेप के बाद दोबारा खरीदी शुरु हो सकी। आक्रोषित किसानों ने बताया कि अब तक जो कपास 5 हजार से 5500 के भाव में खरीदा जा रहा था, वही कपास शनिवार को 3300 से 3500 रुपए में खरीदा जा रहा था। अब विरोध के बाद दाम बढ़ाए है। व्यापारियों का कहना था कि कपास में नमी होने से भावों में गिरावट आई है। कृषि मंडी सचिव शर्मिला निनामा ने बताया कि शनिवार को 54 बैलगाड़ी और 592 वाहनों से कपास खरीदी की गई। न्यूनतम 3305, अधिकतम 7011 और मॉडल भाव 4900 रुपए रहे। खरीदी के दौरान करीब 600 वाहनों की खरीदी नही हो सकी। इस कपास की खरीदी रविवार को होगी।

### विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन नगरी महेश्वर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और धरोहर पदयात्रा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**महेश्वर निप्र।** शनिवार को विश्व पर्यटन दिवस के चलते सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन काशी विश्वनाथ घाट पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव, महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, एसडीएम पूर्वा मंडलोई , तहसीलदार कैलाश सस्तिया, सीएमओ प्रियंक पंडया सहित भाजपा के कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान के उपरांत विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर महेश्वर संरक्षण संवर्धन ङ्क दर्शन पर्यटन संस्थान के तत्वावधान में नगर महेश्वर में पहली बार धरोहर पदयात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान महेश्वर को दर्शन पर्यटन यानी स्पिरिचुअल टूरिज्म का नारा दिया गया। नगर जनों सहित अधिकारी कर्मचारियों ने नगर सहित प्रदेश को स्वच्छ बनाने को लेकर शपथ भी ली। विश्व पर्यटन दिवस इस वर्ष स्वच्छता, संरक्षण और संवर्धन—इन तीन बिंदुओं पर केंद्रित रहा। पदयात्रा के माध्यम से नगरवासियों को सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व पर्यटन को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रैली के पश्चात बैठक में कभी आवेदन किया गया इसमें विश्व पर्यटन दिवस को लेकर बैठक मैं उपस्थित गणमान्य जनों ने अपने विचार व्यक्त किए।




**एक नजर में** — फरार आरोपी रोहित को गिरफ्तार करने में पाई सफलता, प्रकरण में चोरी गया मोबाईल कुल कीमती 27,000 रुपए का किया बरामद

# कसरावद पुलिस ने किया मोबाइल चोरी का खुलासा

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग जी के द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मश्रुका बरामद करने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में श्रीमान एसडीओपी महोदय, श्वेता शुक्ला अनुभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को मोबाईल चोरी के अपराध में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर 01 आरोपी रोहित पिता सकीम उम्र 35 वर्ष जाति पारदी निवासी आठमिल थाना खुड़ैल जिला इन्दौर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।



**कार्रवाई का विवरण :** घटना दिनांक 25.09.25 को फरियादी राहुल पिता प्रभु यादव जाति अहीर उम्र 26 साल निवासी करौंदिया ने उसका मोबाईल फोन वीवो कंपनी मॉडल वाय 400 कीमती 27,000 रुपए का ग्राम ओझरा के बाजार से किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने की सूचना पुलिस थाना कसरावद पर दी जिसकी सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 410/25 धारा 303(2) बीएनएस का दिनांक 25.09.25 को अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान चोरी गए मोबाईल फोन एवं अज्ञात चोर की तलाश की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कसरावद बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति मोबाईल फोन बेचने के लिए घूम रहा है।

### व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया

प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हेतु तत्काल एक पुलिस टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया जहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया गया जिसके कब्जे से एक वीवो कंम्पनी का मोबाईल मॉडल वाय 400 कीमती 27,000 रुपए का जप्त किया गया बाद आरोपी रोहित घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया गया बाद आरोपी को विधिवत पंचानों के समक्ष गिरफ्तार किया बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी रोहित को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

आरोपी के नाम ङ्क रोहित पिता सकीम उम्र 35 वर्ष जाति पारदी निवासी आठमिल थाना खुड़ैल जिला इन्दौर सराहनीय कार्य ङ्क उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में सउनि रविन्द्र गुरु, प्रआर .659 महेश मालवीय, आर .760 हरिओम कौशिक, आर .590 अनिल मोरे, आर .776 रामू एवं आर .1064 सौरभ बघेल का विशेष योगदान रहा।